SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उदयम

जूलाई – 2015

अब ऑनलाइन लीजिए बिजली का कनेक्शन, डिमांड नोट भी ऑनलाइन मिलेंगे

अब आप घर बैठे, ऑनलाइन ले सकते हैं, बिजली का कनेक्शन। बीएसईएस की वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर आवेदन करें और उसके बाद, जरूरी कागजात / डॉक्यूमेंट्स को स्कैन करके उन्हें बीएसईएस वेबसाइट पर पोस्ट कर दें। इसके लिए आपको बीएसईएस ऑफिसों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है।

टेक्निकल फिजिबिलिटी देखने के बाद, आवेदक के नाम डिमांड नोट जारी कर दिया जाएगा। और, डिमांड नोट का भुगतान करते ही आवेदक को बिजली का कनेक्शन मिल जाएगा। डिमांड नोट का भुगतान करने के लिए, सिर्फ एक बार उपभोक्ता को बीएसईएस के ऑफिस आना होगा, बस। वे डिमांड नोट का भुगतान भी ऑनलाइन कर पाएंगे।

जो उपभोक्ता कम्प्युटर एवं इंटरनेट से ज्यादा वाकिफ नहीं हैं उन्हें बीआरपीएल टेक्नीकल एवं कमर्शल औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेगा। उपभोक्ता के घर पर ही टैब की मदद से औपचारिकताओं को पूरा किया जाएगा।

इन दोनों सेवाओं के जरिए बीएसईएस बिजली कनेक्शन के सात स्टेप्स की प्रकिया को कम करके 3 दिन में नया कनेक्शन मुहैया करवा देगा।

बारिश का मजा सावधानी के साथ

यह जानकर सभी को खुशी होगी कि मानसून ने एक बार फिर से दस्तक दे दी है। मानसून जहां अपने साथ तमाम् खुशियां लाता है वहीं कुछ अनोखी समस्याओं और मुद्दों को भी साथ लाता है। जलभराव के कारण, इलेक्ट्रिसिटी संबंधित दुर्घटनाएं और घटनाएं काफी बढ़ जाती हैं। कुछ सामान्य सावधानियां आपको सुरक्षित रखने और दुर्घटनामुक्त मानसून को सुनिश्चित करने में मदद करेंगी।

- इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन मसलन इलेक्ट्रिकल पोल्स, सब–स्टेशन, ट्रांसफार्मर्स, स्ट्रीट लाइट आदि से दूर रहें।
- इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन के निकट बच्चों को न खेलने दें, अगर बैरीकेटेड है तो भी।
- गीले हाथों से इलेक्ट्रिकल उपकरणों को न छुएं।
- घर में टेस्टर रखें। अगर आपके घर का स्विच और दीवारें गीली हों तो उन्हें न छुएं। पहले चेक करने के लिए टेस्टर का इस्तेमाल करें, कि कहीं बिजली का रिसाव तो नहीं हो रहा। अगर जरुरत हो तो इलेक्ट्रिशियन से संपर्क करें।

डॉयल 1800–10–39707: आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट की शिकायत के लिए

अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण है। आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट की शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए बीआरपीएल ने 24x7 कार्य करने वाले एक टोल फ्री नंबर को उपभोक्ताओं के लिए समर्पित किया है।

यह समर्पित नंबर बीआरपीएल के मौजूदा 24x7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 जिस पर आपातकाल एवं स्ट्रीटलाइट की शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं, के अतिरिक्त है।

बिजली बचाओ, देश बनाओ

दिल्ली में घरेलू ऊर्जा सक्षम लाईटिंग कार्यक्रम (डीईएलपी) के अंतर्गत एलईडी बल्बों का वितरण

इस योजना के तहत एलईडी बल्ब पाने के लिए

बीआरपीएल के उपभोक्ताओं को निम्नलिखित दस्तावेज देने होंगे:

- वर्ष 2015 का नवीनतम बिजली बिल।
- फोटो पहचान पत्र।
- पते का प्रमाण (बिजली बिल और पते का प्रमाण में एक ही पता होना चाहिए)#।
- बिल बकाया होने पर पिछले भुगतान की पर्ची।*
  - * किश्त विकल्प का उपयोग करने के लिए, नवीनतम बिजली बिल तक के कुल बकाया/शेष बकाया राशि का पूरा भुगतान करना होगा। ऐसा नहीं करने पर केवल नकद भुगतान का विकल्प उपलब्ध होगा।
  - # यदि फोटो पहचान एवं पते का प्रमाण दस्तावेज एक ही है तो उसमें दिया गया पता ही बिजली बिल में भी होना चाहिए।

एलईडी बल्ब बीआरपीएल के विभागीय कार्यालयों में उपलब्ध होंगे।
अधिक जानकारी के लिए कृपया कॉल करें 7042595718, 7042595719 (प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक)
या लॉग ऑन करें www.eeslindia.org/DELP-Delhi

EESL एनर्जी इफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ENERGY EFFICIENCY SERVICES LIMITED | BSES BSES Rajdhani Power Limited

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy